>

Title: Need to provide funds for the proposed memorial of Baba Saheb Bhimrao Ambedkar in Mumbai, Maharashtra.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): हाल ही में सरकार ने इंदू डाई वर्क्स मिल्स की पूरी जमीन पर परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर का विश्वस्तरीय स्मारक बनाने के लिए महाराष्ट्र शासन, चैत्यभूमि को हस्तानांतरित करने की घोषणा की है। इसके लिए मैं अपनी और पूरे दलित समाज की ओर से सरकार का हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

महाराष्ट्र सरकार को परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर का विश्वस्तरीय स्मारक बनाने हेतु धन की आवश्यकता होगी। अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि सरकार बाबा साहेब के विश्वस्तरीय स्मारक हेतु 100 करोड़ रूपये की अंतरिम सहायता चैत्यभूमि स्मारक को तुंत उपलब्ध कराई जाए।